रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 10/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** सिस्टम दिनांक और समय बदलने के लिए किस विंडोज OS टूल का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
✗ 1. फ़ाइल एक्सप्लोरर
✓ 2. कंट्रोल पैनल
✗ 3. डिवाइस मैनेजर
✗ 4. टास्क मैनेजर

**Q.2** A एक निश्चित कार्य को उतने ही समय में कर सकता है, जितने समय में B और C मिलकर वह कार्य कर सकते हैं। यदि A और B मिलकर इस कार्य को 7 दिनों में कर सकते हैं तथा C अकेले इस कार्य को 9 दिनों में कर सकता है, तो B अकेले इस कार्य को ______ दिनों में कर सकता है।

**Ans**
✓ 1. 63
✗ 2. 189
✗ 3. 126
✗ 4. 252

**Q.3** श्रीमान Y बिंदु B से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करके बिंदु A पर रुक जाता है। बिंदु B तक पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
✗ 1. 7 km, दक्षिण की ओर
✗ 2. 16 km, पूर्व की ओर
✗ 3. 11 km, उत्तर की ओर
✓ 4. 16 km, पश्चिम की ओर

**Q.4** यदि आप एमएस-पावरपॉइंट 2019 में Keep Source Formatting ऑप्शन से टेक्स्ट पेस्ट करते हैं, तो क्या होता है?

**Ans**
✓ 1. टेक्स्ट की फ़ॉर्मेटिंग, सोर्स की मूल फ़ॉर्मेटिंग जैसी ही बनी रहती है।
✗ 2. टेक्स्ट का साइज़ स्लाइड में फ़िट होने के लिए स्वतः एडजस्ट हो जाता है।
✗ 3. टेक्स्ट इमेज में बदल जाता है।
✗ 4. टेक्स्ट डेस्टिनेशन स्लाइड के थीम फ़ॉन्ट/कलर को अपना लेता है।

**Q.5** निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) € 3 © 3 $ % % 5 5 £ € 4 * € 3 7 5 & 8 2 5 * (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 1
- ✓ 2. 2
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 4

**Q.6** नेप्टुनियम और प्लूटोनियम जैसे तत्व कहाँ पाए जाते हैं?

**Ans**
- ✓ 1. पिचब्लैंड
- ✗ 2. समुद्री जल
- ✗ 3. ग्रेनाइट
- ✗ 4. कोयला

**Q.7** अरिजीत सिंह को 2025 में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✗ 1. सामाजिक कार्य
- ✓ 2. कला
- ✗ 3. साहित्य
- ✗ 4. खेल

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा देश अब ऑस्ट्रेलिया के साथ पुनर्निर्धारित 2026 रग्बी लीग विश्व कप की सह-मेजबानी करेगा?

**Ans**
- ✗ 1. टोंगा
- ✗ 2. फिजी
- ✗ 3. समोआ
- ✓ 4. पापुआ न्यू गिनी

**Q.9** भारत की जलवायु को आकार देने में हिमालय की भूमिका में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल नहीं है?

**Ans**
- ✗ 1. उत्तर भारत में बर्फबारी में योगदान देना
- ✗ 2. मध्य एशिया से आने वाली ठंडी पवनों को रोकना
- ✗ 3. दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी पवनों के लिए अवरोधक के रूप में कार्य करना
- ✓ 4. संवहन धाराएँ बनाना

**Q.10** X, $A^2$ के अनुक्रमानुपाती है और A, Y के व्युत्क्रमानुपाती है। यदि Y के 20 होने पर X 39 है, तो Y के 2 होने पर X ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 3902
- ✗ 2. 3901
- ✗ 3. 3897
- ✓ 4. 3900

**Q.11** भारत का कौन-सा शहर लौटते हुए मानसून (retreating monsoon) की वर्षा से सर्वाधिक प्रभावित होता है?

**Ans**
- ✗ 1. भोपाल
- ✓ 2. चेन्नई
- ✗ 3. जयपुर
- ✗ 4. मुंबई

Q.12 _______ के लिए न्यायिक समीक्षा आवश्यक होती है।

Ans
1. न्यायालयों का कार्यभार कम करने
2. संसदीय संप्रभुता को प्रतिस्थापित करने
3. कार्यपालिका की शक्तियों में वृद्धि
4. संविधान की सर्वोच्चता कायम रखने


Q.13 वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का अनुमानित पूंजीगत व्यय कितना था?

Ans
1. ₹3.00 लाख करोड़
2. ₹1.50 लाख करोड़
3. ₹2.00 लाख करोड़
4. ₹2.72 लाख करोड़

Q.14 एक कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 1,60,000 है, जो प्रति वर्ष 25% की दर से बढ़ रही है। 3 वर्ष पूर्व की जनसंख्या तथा 2 वर्ष पूर्व की जनसंख्या का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 19,930
2. 19,730
3. 20,830
4. 20,480

Q.15 दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




विभिन्न खंडों की संख्याएँ, व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं। ऐसे कितने प्लंबर हैं जो हेयरड्रेसर और जज भी हैं?

Ans
1. 11
2. 12
3. 19
4. 23

Q.16 उस सम षट्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी भुजा की माप $16\sqrt{2}$ cm है।

Ans
1. $876\sqrt{3}$ $cm^2$
2. $786\sqrt{3}$ $cm^2$
3. $867\sqrt{3}$ $cm^2$
4. $768\sqrt{3}$ $cm^2$

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा कीबोर्ड शॉर्टकट, एमएस एक्सेल 365 में Print डायलॉग बॉक्स ओपन करता है?

Ans
1. Ctrl + P
2. Ctrl + O
3. Ctrl + N
4. Ctrl + S

**Q.18** अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए 1990 के पैंसठवें संशोधन अधिनियम द्वारा कौन-सा प्रावधान प्रस्तुत किया गया था?

**Ans**

✔ 1. एक बहु-सदस्यीय राष्ट्रीय आयोग

✗ 2. एक विशेष अधिकारी

✗ 3. जनजातीय कार्य के लिए एक मंत्रालय

✗ 4. एक नई आरक्षण नीति

---

**Q.19** एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',

'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',

'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और

'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M – N + O ÷ P × Q' है तो M का Q से क्या संबंध है?

**Ans**

✗ 1. पत्नी की माता का भाई

✗ 2. पत्नी के पिता के पिता

✗ 3. पत्नी की माता का पिता

✔ 4. पत्नी के पिता की माता का भाई

---

**Q.20** जॉन अपनी कक्षा में शीर्ष से 24वें और नीचे से 16वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**

✗ 1. 40

✗ 2. 38

✔ 3. 39

✗ 4. 37

---

**Q.21** प्रथम 12 प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✔ 1. 6.5

✗ 2. 6

✗ 3. 7

✗ 4. 7.5

---

**Q.22** दिया गया है कि $12^{0.36} = x$, $12^{0.64} = y$ और $x^z = y^4$ है, तो z का मान लगभग कितना होगा?

**Ans**

✗ 1. 9.48

✔ 2. 7.11

✗ 3. 6.89

✗ 4. 5.52

---

**Q.23** दो पाइप एक टंकी को क्रमशः 35 min और 15 min में भर सकते हैं। टंकी को खाली करने के लिए टंकी के तल पर एक पाइप लगा है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो खाली टंकी 6 min में भर जाती है। यदि कोई अन्य पाइप खुला न हो, तो टंकी के तल पर लगा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को खाली करने में कितना समय लेगा?

**Ans**

✗ 1. 8 min

✔ 2. 14 min

✗ 3. 5 min

✗ 4. 17 min

Q.24 भारत में प्रति टन-किमी ऊर्जा खपत के संबंध में कौन-सी परिवहन प्रणाली सर्वाधिक कुशल है?

Ans
1. रेलमार्ग
2. अंतर्देशीय जलमार्ग
3. वायुमार्ग
4. सड़क मार्ग

Q.25 उत्कल मैदान भारत के तटीय मैदान के किस भाग में स्थित है?

Ans
1. पूर्वी तटीय मैदान
2. कोंकण तट
3. मालाबार तट
4. पश्चिमी तटीय मैदान

Q.26 जब 1063, 2815 और 3451 को सबसे बड़ी संख्या x से विभाजित किया जाता है, तो प्रत्येक स्थिति में शेषफल y होता है। (3x − 14y) का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. −65
2. −60
3. −62
4. −66

Q.27 ₹900 की राशि पर 6% मासिक ब्याज की दर से 12 माह में प्राप्त साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 648
2. 74
3. 54
4. 108

Q.28 यदि संख्या 2614759 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से छठे तथा दायीं ओर से पहले अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
1. 10
2. 6
3. 12
4. 14

Q.29 यदि भारत में कोई नगरपालिका अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही भंग हो जाए, तो क्या होगा?

Ans
1. केंद्र सरकार, शासन का कार्यभार अपने हाथ में ले लेती है।
2. 6 महीने के भीतर नया चुनाव होना चाहिए।
3. पिछली नगर परिषद को पुनः बहाल कर दिया जाता है।
4. नगरपालिका का अस्तित्व समाप्त हो जाता है।

Q.30 अब से 3 वर्ष पहले, पिता की आयु, उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 30 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्ष बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी होगी?

Ans
1. 24
2. 23
3. 27
4. 29

Q.31 एक व्यक्ति अपनी आय का 50% बचाता है। यदि उसका व्यय ₹320 है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
1. 680
2. 160
3. 640
4. 600

**Q.32** E, X, P, A, N और D एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। D के ऊपर केवल एक व्यक्ति रहता है। P के नीचे केवल A रहता है। E सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। X, D के ऊपर किसी मंजिल पर रहता है। N के नीचे कितने लोग रहते हैं?

**Ans**

✗ 1. शून्य

✓ 2. दो

✗ 3. एक

✗ 4. तीन

**Q.33** 8वें हिंद महासागर सम्मेलन का विषय क्या था?

**Ans**

✗ 1. नीली अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय एकीकरण

✗ 2. समुद्री सुरक्षा और सहयोग

✗ 3. हिंद महासागर में सतत विकास

✓ 4. समुद्री साझेदारी के नए क्षितिज की यात्रा

**Q.34** MS पावरपाइंट 365 में नई स्लाइड बनाने के लिए किस विधि का उपयोग नहीं किया जा सकता है?

**Ans**

✗ 1. Home tab पर 'New Slide' पर क्लिक करना

✗ 2. Ctrl + M दबाना

✗ 3. स्लाइड सॉर्टर पैन में राइट-क्लिक करना और 'New Slide' को सेलेक्ट करना

✓ 4. Ctrl + N दबाना

**Q.35** निम्नलिखित में से किस विद्रोह की जड़ इस तथ्य में निहित है कि अंग्रेजों ने आदिवासियों को ताड़ी के पेड़ों पर उनके पारंपरिक अधिकारों से वंचित कर दिया था?

**Ans**

✗ 1. तेलंगा खारिया विद्रोह

✗ 2. मांझी विद्रोह

✗ 3. खासी विद्रोह

✓ 4. कोया विद्रोह

**Q.36** केंद्रीय बजट 2025-26 में पेश की गई टनभार कर योजना ( Tonnage Tax Scheme) किस क्षेत्र पर कर लगाने से संबंधित है?

**Ans**

✗ 1. दूरसंचार कंपनियाँ

✓ 2. पोत परिवहन गतिविधियाँ

✗ 3. डिजिटल कंपनियाँ

✗ 4. विनिर्माण कंपनियाँ

**Q.37** एक नाव की चाल धारा की दिशा में 41 km/hr और धारा की विपरीत दिशा में 20.5 km/hr है। एक नाव को एक स्थान तक जाने और वापस आने में कुल 13 घंटे लगते हैं। नाव द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?

**Ans**

✗ 1. $\frac{533}{3}$ km

✗ 2. $\frac{1086}{3}$ km

✓ 3. $\frac{1066}{3}$ km

✗ 4. $\frac{529}{4}$ km

**Q.38** लोक अदालत की अवधारणा __________ से प्रेरित है।

**Ans**

✗ 1. अमेरिकी मध्यस्थता प्रणाली

✓ 2. प्राचीन भारतीय विवाद समाधान

✗ 3. ब्रिटिश जूरी प्रणाली

✗ 4. रोमन कानूनी प्रणाली

Q.39 उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(43, 48, 5)
(49, 70, 21)

Ans
1. (48, 71, 20) ✗
2. (36, 52, 13) ✗
3. (20, 34, 14) ✓
4. (45, 52, 4) ✗

Q.40 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

127 ÷ 5 + 707 × 7 − 38 = ?

Ans
1. 572 ✓
2. 575 ✗
3. 576 ✗
4. 571 ✗

Q.41 भारत की पंचवर्षीय योजनाओं के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। इनमें से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
1. पहली पंचवर्षीय योजना हैरोड-डोमर मॉडल पर आधारित थी और इसने खाद्य सुरक्षा को संबोधित करने के लिए कृषि विकास को प्राथमिकता दी।
2. दूसरी पंचवर्षीय योजना, जिसे महालनोबिस योजना के रूप में जाना जाता है, तीव्र औद्योगिकीकरण पर केंद्रित थी।

Ans
1. न तो कथन 1 और न ही कथन 2 ✗
2. दोनों कथन 1 और 2 ✓
3. केवल कथन 1 ✗
4. केवल कथन 2 ✗

Q.42 जुलाई 2024 में, निम्नलिखित में से किसे, मधुमेह में शोध के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था?

Ans
1. डॉ. जितेंद्र सिंह ✓
2. जितिन प्रसाद ✗
3. पीयूष गोयल ✗
4. पंकज चौधरी ✗

Q.43 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?

# : KSM :: OWQ : %

Ans
1. # = LTN, % = NVP ✓
2. # = LTM, % = NVP ✗
3. # = LTN, % = NUP ✗
4. # = LTN, % = NVO ✗

Q.44 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. GJ - FK
✘ 2. PS - NQ
✘ 3. EH - CF
✘ 4. KN - IL

Q.45 I, J, K, L, M, N और R एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। K, L के दाईं ओर से चौथे स्थान पर बैठा है। M के बाईं ओर से गिनती करने पर M और I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J, R के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। R और I का ठीक निकटतम पड़ोसी N है। N के बाईं ओर से गिनती करने पर K और N के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ 1. एक
✘ 2. तीन
✘ 3. दो
✔ 4. चार

Q.46 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. HPK
✔ 2. PXR
✘ 3. NVQ
✘ 4. LTO

Q.47 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

IPK PWR WDY DKF ?

Ans
✘ 1. RKM
✘ 2. RMK
✔ 3. KRM
✘ 4. KMR

Q.48 मार्च 2025 में, नीति (NITI) आयोग ने 'ट्रेड वॉच - त्रैमासिक (जुलाई-सितंबर [Q2] FY25)' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती बुनियादी ढांचे की मांग के कारण निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु भारत के शीर्ष दस आयातों में शामिल हुई?

Ans
✘ 1. निकेल
✘ 2. एल्युमिनियम
✘ 3. जस्ता
✔ 4. तांबा

Q.49 निम्नलिखित में से कौन-सा, 'अवनद्ध वाद्य' नहीं है?

Ans
✘ 1. डमरू
✘ 2. तबला
✘ 3. ढोल
✔ 4. मंजीरा

Q.50 यदि आप MS एक्सेल 365 में किसी वर्कबुक को इस प्रकार सहेजना चाहते हैं कि केवल देखने की अनुमति हो तथा एडिटिंग प्रतिबंधित हो, तो आपको किस फीचर का उपयोग करना चाहिए?

Ans
✘ 1. Read Aloud
✔ 2. Read-Only Mode
3. Freeze Panes
4. Print Layout

**Q.51** तख्त-ए-बही (Takht-i-Bahi) शिलालेख किस क्षेत्र से संबंधित है?

Ans
1. गुजरात
2. कन्नौज
3. आगरा
4. गांधार

**Q.52** केंद्र O और 6 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त में एक जीवा AB खींची गई है। यदि केंद्र और जीवा के बीच न्यूनतम दूरी 4.5 cm है, तो जीवा AB की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $2\sqrt{7}$ cm
2. $\sqrt{7}$ cm
3. $4\sqrt{7}$ cm
4. $3\sqrt{7}$ cm

**Q.53** k के किस मान के लिए द्विघात समीकरण $2x^2 - 5x + 3 = 0$ और $4x^2 - (k+1)x + 6 = 0$ के दोनों मूल सार्व (common) हैं?

Ans
1. 5
2. 11
3. 9
4. 7

**Q.54** नवंबर 2024 में, भारत सरकार ने प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2024 पेश किया। निम्नलिखित में से कौन-सी इस विधेयक की प्रमुख विशेषता है?

Ans
1. केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 को बिना किसी प्रतिस्थापन के समाप्त करना
2. सैटेलाइट टेलीविजन चैनलों का पूर्ण विनियमन
3. डिजिटल समाचार प्रसारकों और सामग्री निर्माताओं का अनिवार्य पंजीकरण
4. ओटीटी प्लेटफॉर्म को किसी भी विनियामक निरीक्षण से छूट

**Q.55** एक निश्चित कूट भाषा में, 'eat healthy food' को 'xy zd uv' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'food is essential' को 'uv aq bc' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'food' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
1. xy
2. uv
3. aq
4. zd

**Q.56** आठ संख्याओं का औसत 124 है। यदि सबसे छोटी संख्या, संख्याओं के योग का सोलहवाँ भाग है, तो सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 65
2. 64
3. 63
4. 62

**Q.57** मई 2025 में, किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के मंत्रिमंडल ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए पांच क्लाउड-सीडिंग परीक्षण करने हेतु ₹3.21 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी?

Ans
1. चंडीगढ़
2. हरियाणा
3. दिल्ली
4. बिहार

**Q.58** टाउन C, टाउन D के पूर्व में है। टाउन E, टाउन C के उत्तर में है। टाउन F, टाउन E के दक्षिण में है। टाउन G, टाउन F के पश्चिम में है। टाउन D, टाउन G के उत्तर-पूर्व में है। टाउन F के संबंध में टाउन C की स्थिति क्या है?

Ans
1. पूर्व ✗
2. दक्षिण ✗
3. पश्चिम ✗
4. उत्तर ✓

**Q.59** 1892 में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने इलाहाबाद अधिवेशन में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया, जिसमें निम्नलिखित में से किसमें भारतीयों को शामिल करने की मांग की गई थी?

Ans
1. सिविल सेवाओं ✗
2. प्रांतीय विधानसभाओं ✗
3. वायसराय की परिषद ✗
4. विधान परिषद ✓

**Q.60** एक निश्चित कूट भाषा में, 'HEIR' को '2468' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'EASY' को '1327' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 2 ✓
2. 7 ✗
3. 1 ✗
4. 4 ✗

**Q.61** तंत्रिका आवेगों को संचारित करने में अंतर्ग्रंथन प्रभाविता (synapse's effectiveness) सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से निम्नलिखित में से किसके द्वारा निर्धारित होती है?

Ans
1. तंत्रिप्रेषी की सांद्रता और पोस्टसिनेप्टिक झिल्ली में ग्राहियों की संख्या ✓
2. द्रुमाकृति के साथ माइलिन आच्छद की उपस्थिति ✗
3. द्रुमाकृतिक शाखायन (dendritic arborisation) की लंबाई ✗
4. तंत्रिकाक्ष का व्यास ✗

**Q.62** 76% की छूट देने के बाद, एक सीलिंग फैन का मूल्य ₹3,330 है। यदि कोई छूट नहीं दी जाती है, तो दुकानदार को 50% का लाभ होता है। सीलिंग फैन का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9,252 ✗
2. 9,248 ✗
3. 9,247 ✗
4. 9,250 ✓

**Q.63** निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

**GEAN - NAGE - GAEN**
**MAKE - EKMA - MKAE**

Ans
1. BOLD - BLOD - DLOB ✗
2. FOWL - LWFO - FWOL ✓
3. BEAN - NABE - EABN ✗
4. TURN - URTN - URNT ✗

**Q.64** P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R, Q के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। P, T के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। U और P दोनों Q के निकटतम पड़ोसी हैं। V, R का निकटतम पड़ोसी नहीं है। T के बाएं से गिनने पर T और U के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
1. 1 ✗
2. 3 ✓
3. 2 ✗
4. 4

**Q.65** निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$47 + \frac{49}{7} + 65 - 27$$

**Ans**
✔ 1. 92
✗ 2. 116
✗ 3. 108
✗ 4. 65

**Q.66** कौन-सा उद्योग 'क्लस्टर विकास' से निकटता से संबंधित है और भारत में कृषि के बाद रोजगार सृजन के मामले में दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है?

**Ans**
✗ 1. ऑटोमोबाइल
✗ 2. फार्मास्युटिकल्स
✗ 3. स्टील
✔ 4. वस्त्र और परिधान

**Q.67** 2025 की शुरुआत में, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने एक लेज़र हथियार प्रणाली विकसित करके एक महत्वपूर्ण कार्य किया। इस प्रणाली का पावर आउटपुट कितना होता है?

**Ans**
✗ 1. 40 किलोवाट
✗ 2. 20 किलोवाट
✗ 3. 10 किलोवाट
✔ 4. 30 किलोवाट

**Q.68** 'भगवान विष्णु की लेटी हुई प्रतिमा' निम्नलिखित में से किस गुफा में पाई जाती है?

**Ans**
✗ 1. एलीफेंटा की गुफाएँ (Elephanta caves)
✗ 2. एलोरा की गुफाएँ (Ellora caves)
✗ 3. अजंता की गुफाएँ (Ajanta caves)
✔ 4. उंडावल्ली गुफाएँ (Undavalli caves)

**Q.69** एक बेड का अंकित मूल्य ₹744 है, जो लागत मूल्य से 31% अधिक है। यदि लाभ प्रतिशत 9% है। छूट प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 15.52%
✔ 2. 16.79%
✗ 3. 18.65%
✗ 4. 14.59%

**Q.70** 56 cm, 42 cm और 70 cm भुजाओं वाले एक समकोण त्रिभुज को 56 cm वाली भुजा के चारों ओर घुमाकर एक शंकु बनाया जाता है। इस प्रकार बने शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 3446π
✗ 2. 7056π
✗ 3. 5760π
✔ 4. 4704π

**Q.71** भारत में प्रथम विधि आयोग का नेतृत्व ______ ने किया था।

**Ans**
✔ 1. लॉर्ड मैकाले
✗ 2. सर एलिजा इम्पे
✗ 3. लॉर्ड हेस्टिंग्स
✗ 4. लॉर्ड कॉर्नवालिस

Q.72 एक वस्तु को ₹112 में बेचने पर एक व्यक्ति को 30% की हानि होती है। 15% लाभ कमाने के लिए उसे वस्तु को किस कीमत (₹ में) पर बेचना चाहिए?

Ans
1. 184 ✔
2. 174 ✘
3. 194 ✘
4. 204 ✘

Q.73 एक आयताकार मैदान की भुजाएं 11 cm और 14 cm लंबी हैं। इसका क्षेत्रफल एक वृत्ताकार मैदान के क्षेत्रफल के बराबर है। वृत्ताकार मैदान की परिधि (cm में) ज्ञात कीजिए।

$\pi = \frac{22}{7}$ मानिए।

Ans
1. 44 ✔
2. 85 ✘
3. 79 ✘
4. 19 ✘

Q.74 ध्रुवसेन (Dhruvasena) का उत्तराधिकारी कौन बना?

Ans
1. शिलादित्य (Shiladitya) ✘
2. धारापट्टा (Dharapatta) ✔
3. द्रोणसिंह (Dronasimha) ✘
4. गुहासेन (Guhasena) ✘

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

GEB IGD KIF MKH ?

Ans
1. OMI ✘
2. ONI ✘
3. OMJ ✔
4. ONJ ✘

Q.76 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 8 $ 7 & 3 Ω 9 # 1 8 £ 6 @ & % 4 6 @ * 4 5 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद एक विषम संख्या है?

Ans
1. दो ✘
2. चार ✘
3. एक ✔
4. तीन ✘

Q.77 UB 15 एक निश्चित तरीके से SF 11 से संबंधित है। IO 8 उसी तरह से GS 4 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, EL 3 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. RD −7 ✘
2. ED −5 ✘
3. CP −1 ✔
4. BD −9 ✘

Q.78 M, N, O, P, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। O सम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 4 पर नहीं रहता है। O और Z के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। Y विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन सबसे निचले तल पर नहीं रहता है। Y और M के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। P, Y के ठीक नीचे रहता है। N और P के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. एक
2. चार
3. तीन
4. दो ✔

Q.79 मार्च 2025 में, जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कौन-सा दिवस मनाया गया?

Ans
1. भारत चिकित्सा दिवस
2. जन औषधि दिवस ✔
3. जेनेरिक औषधि दिवस
4. स्वास्थ्य सुरक्षा दिवस

Q.80 एक खाली स्टोरेज टैंक में 51 लीटर पेट्रोल डालने के बाद भी यह 1% खाली था। स्टोरेज टैंक को भरने के लिए इसमें कितना पेट्रोल (लीटर में, दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) डालना होगा?

Ans
1. 52.05
2. 50.52
3. 51.52 ✔
4. 52.52

Q.81 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 75 होगा?

Ans
1. 84 A 12 D 76 C 36 B 4 ✔
2. 84 B 12 C 76 D 36 A 4
3. 84 D 12 A 76 B 36 C 4
4. 84 C 12 D 76 A 36 B 4

Q.82 X, Y और Z ने क्रमशः 45 : 37 : 71 के अनुपात में एक धनराशि का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में उन्होंने कुल ₹2,790 का लाभ अर्जित किया, तो Y के हिस्से और Z के हिस्से का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹599
2. ₹728
3. ₹620 ✔
4. ₹644

Q.83 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

201, 200, 197, 192, 185, ?

Ans
1. 185
2. 176 ✔
3. 184
4. 187

Q.84 57 और B का तृतीयानुपाती C है। यदि B, पहली तीन सम प्राकृत संख्याओं का योगफल है, तो C का मान ज्ञात कीजिए।
(दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
1. 2.53 ✔
2. 0.07
3. 1.33
4. 0.65

**Q.85** वायु में ध्वनि तरंग किस प्रकार की तरंग होती है?

**Ans**
- ✗ 1. अनुप्रस्थ
- ✓ 2. अनुदैर्ध्य
- ✗ 3. विद्युतचुंबकीय
- ✗ 4. अग्रगामी

**Q.86** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

49 55 63 73 85 99 ?

**Ans**
- ✗ 1. 111
- ✗ 2. 129
- ✗ 3. 120
- ✓ 4. 115

**Q.87** ज़मीन पर एक बिंदु से पहाड़ी की चोटी का उन्नयन कोण 60° है। यदि पहाड़ी 171 m ऊँची है, तो दिए गए बिंदु से पहाड़ी की चोटी तक की दूरी ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. $114\sqrt{3}$ m
- ✗ 2. $114\sqrt{2}$ m
- ✗ 3. $171\sqrt{2}$ m
- ✗ 4. 342 m

**Q.88** 32 km/hr की चाल से चलने वाली ट्रेन A, विपरीत दिशा में 28 km/hr की चाल से चलने वाली ट्रेन B को पूरी तरह से पार करने में 33 सेकंड का समय लेती है। ट्रेन B की लंबाई ट्रेन A की लंबाई की 1.5 गुनी है। ट्रेन B पुल को 54 सेकंड में पूरी तरह से पार करती है। पुल की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 177
- ✗ 2. 109
- ✓ 3. 90
- ✗ 4. 154

**Q.89** IMF की अप्रैल 2025 ग्लोबल फाइनेंशियल स्टैबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख भू-राजनीतिक जोखिम घटनाओं के दौरान वैश्विक स्टॉक रिटर्न में औसतन कितनी गिरावट आई?

**Ans**
- ✓ 1. 01%
- ✗ 2. 3.2%
- ✗ 3. 2.5%
- ✗ 4. 1.5%

**Q.90** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : LQT :: ZEH : %

**Ans**
- ✗ 1. # = OHD, % = LDK
- ✓ 2. # = OTW, % = WBE
- ✗ 3. # = LKO, % = WYE
- ✗ 4. # = ODW, % = OIE

**Q.91** यदि $x + \frac{1}{x} = 15$ है, तो $x^3 + \frac{1}{x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 3298
- ✓ 2. 3330
- ✗ 3. 3267
- ✗ 4. 3311

Q.92 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 9 8 3 1 4 6 # 6 4 6 * % & $ @ 9 1 % 1 % # £ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
1. 4
2. 3
3. 2
4. 5

Q.93 प्रेक्षणों 69, 60, 39, 58, 55, 31, 84, 64 और 80 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 59
2. 50
3. 60
4. 53

Q.94 किसी आंकड़ा समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 33.9 और 40.1 है। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके आंकड़ा समुच्चय की माध्यिका ज्ञात करें। (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित करें।)

Ans
1. 35.33
2. 35.97
3. 36.27
4. 34.66

Q.95 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद मानव तस्करी पर प्रतिबंध लगाता है?

Ans
1. अनुच्छेद 24
2. अनुच्छेद 21
3. अनुच्छेद 23
4. अनुच्छेद 19

Q.96 139 - 15 × (11 + 4) + 52 का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. -34
2. -33
3. -25
4. -24

Q.97 राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम (NMEO-OP) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. भारत सरकार द्वारा 2021 में एक नई केंद्र प्रायोजित योजना, जिसका नाम राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम (NMEO-OP) है, शुरू की गई।
2. इसका उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह पर विशेष ध्यान देते हुए देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देना है।
3. मिशन का लक्ष्य अगले 5 वर्ष में 2025-26 से 2030-31 तक, ऑयल पाम के वृक्षारोपण के तहत 6.5 लाख हेक्टेयर का अतिरिक्त क्षेत्र लाना है।

Ans
1. 1, 2 और 3
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 2
4. केवल 2

**Q.98** अप्रैल 2025 में किस DRDO प्रयोगशाला ने लेजर हथियार का सफल परीक्षण किया?

**Ans**
- ✗ 1. ADE (वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान)
- ✗ 2. NPOL (नौसेना भौतिक एवं समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला)
- ✓ 3. CHESS (उच्च ऊर्जा प्रणाली एवं विज्ञान केंद्र)
- ✗ 4. CAIR (कृत्रिम ज्ञान तथा रोबोटिकी केंद्र)

**Q.99** यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 – 3 ÷ 5 + 18 × 6 = ?

**Ans**
- ✗ 1. 40
- ✗ 2. 50
- ✓ 3. 47
- ✗ 4. 57

**Q.100** संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| अक्षर | F | T | E | P | A | U | X |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | 7 | $ | @ | 9 | 2 | % | 6 |

शर्तें:
1. यदि पहला अक्षर स्वर है और अंतिम अक्षर व्यंजन है, तो उनके कूट आपस में बदले जाने हैं।
2. यदि दूसरा अक्षर स्वर है और अंतिम अक्षर व्यंजन है, तो दोनों को 'W' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
3. यदि तीसरा और चौथा अक्षर व्यंजन हैं, तो दोनों को तीसरे अक्षर के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
4. यदि पहला और दूसरा अक्षर स्वर हैं, तो दोनों को 'Q' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

EPTFU

**Ans**
- ✗ 1. @ 9 W W %
- ✓ 2. @ 9 $ $ %
- ✗ 3. @ $ $ 7 %
- ✗ 4. @ 9 7 7 %